# प्रदेश में बनेंगे 7 नए एक्सप्रेसवे

**आगरा।** देश और प्रदेश की तरक्की के लिए डबल इंजन की सरकार पूरी ताकत से कार्य कर रही है। प्रदेश में सात नए एक्सप्रेस-वे बनाए जाएंगे। उद्यमियों की विभागों की एनओसी समेत तमाम समस्याओं को दूर करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम एक्ट भी बनाया जा रहा है। इससे उद्यम लगाना और कारोबार करना आसान हो जाएगा। ये बातें आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग एंड एक्सपोर्टर्स चैंबर (एफमेक) के सींगना स्थित आगरा ट्रेड सेंटर में मीट एट आगरा का शुभारंभ करते हुए औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहीं। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय मांगा है।

**औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा- जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए पीएम से मांगा समय**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि पूरे देश के एक्सप्रेस-वे में 37.7 फीसदी उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी है। आने वाले सालों में इसे 50 फीसदी करने का लक्ष्य है। इसके लिए सात नए एक्सप्रेस-वे बनने जा रहे हैं। इनके आसपास निवेशकों को सस्ती दर पर जमीन और संसाधन उपलब्ध कराएंगे। इससे प्रदेश में निवेश और युवाओं के लिए रोजगार बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि अभी उद्यम लगाने के लिए कई विभागों की एनओसी लेने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। वन प्लेटफार्म-वन क्लियरेंस की दिशा में कार्य करते हुए गुजरात की तर्ज पर प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम एक्ट लागू करेंगे। इसकी रूपरेखा बन रही है। इसमें सभी विभागों की जिम्मेदारी तय होगी। ब्यूरो